कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम अन राजगार मत्रालय, भारत सरकार)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
Email : ms-ankleshwar.gj@esic.nic.in

क.रा.बी.नि. E.S.I.C

सत्यमेव जयते

ક.રા.બી.નિ હોસ્પિટલ, અંકલેશ્વર,
પ્લોટ નં.H3012, 500 ક્વાતર પાસે,
અંકલેશ્વર, જિ. ભરૂચ
क.रा.बी. निगम अस्पताल, प्लाट स. H3012,
500 क्वाटर के पास, अकलेश्वर, जो.भरूच
ESIC Hospital, Plot No. H3012, Nr. 500 Quarters, Ankleshwar, Dist. Bharuch
Website : www.esic.gov.in

Comp.No.: 50765 अनुमोदित दिनांक

सेवा में ,

श्रीमान महानिदेशक (राजभाषा),

क रा बी निगम-मुख्यालय,

पंचदीप भवन, सी आई जी मार्ग,

नई दिल्ली -110002

विषय: त्रैमासिक विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक कार्यवाही विवरण भिजवाने के संबंध में।

संदर्भ: क रा बी निगम-मुख्यालय, (राजभाषा) के पत्रांक ए-49/13/12/2020-रा. भा. /1148 दिनांक 27.11.2022 की अनुपालना में।

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्र के अनुसरण में क रा बी निगम अस्पताल, अंकलेश्वर में चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में 03 सदस्यीय विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (वि. रा. का. स.) की त्रैमासिक (अप्रेल- जून,2024 एवं जुलाई- सितंबर, 2024) बैठक का आयोजन क्रमशः दिनांक 09.05.2024 एवं 05.09.2024 को किया गया जिसके बैठक कार्यवाही विवरण पत्र के साथ संलग्न हैं।

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से निर्गत किया गया हैं।

संलग्न: वि. रा. का. स. बैठक कार्यवाही विवरण (अप्रेल-जून ,24 एवं जुलाई-सितंबर-24)

(विनोद कुमार)

राजभाषा अधिकारी

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित:

सयुक्त निदेशक-राजभाषा, क रा बी निगम-मुख्यालय , दिल्ली -110002

चिकित्सा अधीक्षक, उपचिकित्सा अधीक्षक, क रा बी निगम अस्पताल,अंकलेश्वर

सहायक निदेशक/ शाखा प्रभारी- समस्त शाखा एवं वि रा का स के समिति सदस्य ।

कार्यालय प्रति।

Signed by Vinod Kumar
Date: 21-11-2024 10:48:26

दिनांक : 05.09.2024

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति रिपोर्ट

चिकित्सा अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (विराकास) के नामित सदस्यों (राजभाषा अधिकारी, सहायक निदेशक- सामान्य शाखा एवं सहायक नर्सिंग अधीक्षक) और अमित इंदौरिया – वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक के साथ बैठक का आयोजन क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर (गुजरात) में दिनांक 05.09.2024 को सुबह 11:00 बजे कोन्फ्रेंस हाल, कक्ष संख्या -284 में किया गया जिसमें विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण रिपोर्ट निम्न अनुसार हैं-

1. विराकास द्वारा निर्देश दिये गए हिन्दी लाइब्रेरी को विकसित किया जाये और 12,000/- राशि जो ली गई हैं उससे जल्द हिन्दी किताबें व हिन्दी शब्द कोश (प्रशासनिक) किताबें खरीदी जाये।
2. विराकास द्वारा बताया गया कि हिन्दी अख़बार जैसे : राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर लाइब्रेरी के लिए खरीद किए जा सकते हैं ।
3. समिति द्वारा निर्देश प्रदान किए गए कि सभी कार्यालय में राजभाषा अधिनियम-1963 , राजभाषा नियम -1976 तथा राजभाषा से संबंधित विभिन्न जारी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।
4. समिति द्वारा बताया गया कि सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में सभी प्रविष्टियां हिन्दी में की जाए।
5. समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि सामान्य शाखा द्वारा प्रिंटिंग कार्य करवाया जाता हैं तो सभी मानक मसौदे द्विभाषी रूप में हों।
6. समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि सामान्य शाखा द्वारा अस्पताल परिसर व अस्पताल में साइनेज/ डाइरैक्शन बोर्ड बनवाए तो क्षेत्रीय भाषा फिर हिन्दी व उसके बाद अंग्रेजी भाषा में प्रिंट हो ।
7. समिति द्वारा राजभाषा मासिक प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की गई और सभी शाखाओं को निर्देशित किया जाए कि मासिक प्रगति रिपोर्ट के आँकड़े सही भरे जाए ।
8. हिन्दी कार्यशाला में मेडिकल संवर्ग और पैरामेडिकल स्टाफ को भी सम्मिलित किया जाये ताकि कार्यालय के सभी कर्मचारियों को हिन्दी ज्ञान मिल सकें।

05.09.24

(विनोद कुमार)
राजभाषा अधिकारी

(परमजीत सिंह बैन्स)
सामान्य शाखा

अर्पिता पारेख
05/09/2024.

(अर्पिता पारेख)
सहायक नर्सिंग अधीक्षक

दिनांक : 09.05.2024

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति रिपोर्ट

चिकित्सा अधीक्षक महोदय की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (विराकास) के नामित सदस्यों (राजभाषा अधिकारी, सहायक निदेशक- सामान्य शाखा एवं सहायक नर्सिंग अधीक्षक) और अमित इंदौरिया – वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक के साथ बैठक का आयोजन क रा बी नि अस्पताल, अंकलेश्वर (गुजरात) में दिनांक 09.05.2024 को सुबह 11:30 बजे किया गया जिसमें विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण रिपोर्ट निम्न अनुसार हैं-

1. समिति द्वारा निर्देश प्रदान किए गए कि राजभाषा हिन्दी किताबों की खरीदी की जाये ।
2. समिति द्वारा निर्देश प्रदान किए गए कि सभी अधीनस्थ शाखाओं में राजभाषा शाखा द्वारा निरीक्षण किया जाये ताकि हिन्दी कार्यों में प्रगति दिखे।
3. समिति द्वारा राजभाषा मासिक प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की गई और सभी शाखाओं को निर्देशित किया जाए कि मासिक प्रगति रिपोर्ट के आँकड़े सही भरे जाए ताकि संकलित रिपोर्ट में सूचना सही हो सकें।
4. समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि उपस्थिति पंजिका में शत प्रतिशत नाम व हस्ताक्षर हिन्दी में किए जाये इस हेतु सभी रिपोर्टिंग अधिकारियों को इस संबंध में परिपत्र जारी किया जा सकता हैं।
5. विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति सदस्यों द्वारा निर्देश दिए गए कि वित्त शाखा द्वारा एसएचटी प्रतिशत चेक हिन्दी में जारी किए जाये।
6. समिति द्वारा बताया गया कि सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में सभी प्रविष्टियां हिन्दी में की जाए।
7. समिति द्वारा बताया गया कि राजभाषा पखवाड़ा-2024 में हिंदीतर भाषी कर्मचारियों के लिए हिन्दी प्रतियोगिताओं का अलग से आयोजन किया जाये ताकि उनको हिन्दी में कार्य करने का प्रोत्साहन मिले।

09.5.2024

(विनोद कुमार)
राजभाषा अधिकारी

(परमजीत सिंह बैन्स)
सामान्य शाखा

अर्पिता पारेख
09/05/2024.

(अर्पिता पारेख)
सहायक नर्सिंग अधीक्षक